## भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं हिंदी के प्रचार – प्रसार व प्रगति के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में दिनांक 09 जून, 2022 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस हिंदी कार्यशाला में कुल 19 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

हिंदी कार्यशाला में भारतीय खान ब्यूरो कार्यालय के डॉ. वाय. जी. काले, खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी ने 'हिन्दी के प्रगामी उपयोग में गोवा कार्यालय के अनुभव' श्री सतीश चौरे, भंडार अधिकारी ने खरीद – बिक्री प्रक्रिया एवं भंडार संबंधी नियम तथा श्री दिनेश कुमार, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने प्रशासनिक मामलों में 'हिंदी का महत्व' विषय पर अपने व्याख्यान दिये।

अपने व्याख्यान में डॉ. वाय. जी. काले, खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी ने कार्यशाला के आयोजन के उद्धेश्य एवं महत्ता बताते हुए अपने कार्यकाल के दौरान गोवा क्षेत्रीय कार्यालय में किए गए हिन्दी के उल्लेखनीय कार्यों से उपस्थितो को अवगत कराया साथ ही राजभाषा के नियमो, अधिनियमों एवं अनुच्छेदों की विस्तृत जानकारी देते हुए डॉ. मृदुला सिन्हा की 'हिन्दी भारत माता की बिंदी' कविता भी सुनायी।

श्री सतीश चौरे, भंडार अधिकारी ने अपने व्याख्यान में खरीद – बिक्री प्रक्रिया संबंधी नियमों व प्रक्रियाओं की एवं जेम पोर्टल संबंधी जानकारी दी। साथ ही धनराशि के व्यय एवं भुगतान संबंधी सामान्य सिद्धांतों की जानकारी देते हुए निविदा तथा इलेक्ट्रॉनिक्स रिवर्स ऑक्शन पर विस्तार से बताय।

श्री दिनेश कुमार, वरिष्ठ क अधिकारी ने अपने व्याख्यान में प्रशासन का महत्व, उसकी भूमिका, उपयोगिता एवं उसका अर्थ बताते हुए इसकी आवश्यकता की जानकारी उपस्थितों को दी। साथ ही धारा 3(3) के उल्लंघनों एवं विभिन्न पदों की भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

कार्यशाला के पश्चात प्रतिभागियों से कार्यशाला के विषय में उनकी प्रतिक्रियाएं भी प्राप्त की गई। सभी प्रतिभागियों ने सकारात्मक प्रतिक्रियाएं व्यक्त करते हुए कार्यशालाओं की संख्या बढ़ाने के सुझाव दिए। इस प्रकार हिंदी कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

अंत में श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक ने सभी उपस्थितों का धन्यवाद दिया।






हिन्दी के उपयोग हेतु
संवैधानिक प्रावधान






भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर
हिंदी कार्यशाला




भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर
हिंदी कार्यशाला
OPPO A9